E- mail/Speed Post/By hand

शहरी विकास निदेशालय,उत्तराखण्ड।

31/62, राजपुर रोड, देहरादून–24800

E mail – info.udduk@gmail.com, दूरभाष – 0135–2749541, फैक्स. 0135–2749542

संख्याः 5998 /श0वि0नि0–92(विविध–संविदा)/2012 टी0सी0, दिनांक 31 मार्च, 2023

कार्यालय ज्ञाप

शहरी विकास निदेशालय में आउटसोर्सिंग के सृजित सलाहकार (कन्सलटैन्ट) अवस्थापना के पद हेतु दिनांक 23–03–2023 को लिये गये साक्षात्कार के आधार पर श्री अंकित भण्डारी को एतदद्वारा आउटसोर्सिंग पर सलाहकार (कन्सलटैन्ट) अवस्थापना के पद पर रू0 70,000/– (रू0 सत्तर हजार मात्र) प्रतिमाह मानदेय पर शासनादेश संख्या–99831/IV(1)/2023/01(06)/2008 टी0सी0, दिनांक 16–02–2023 द्वारा प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में दिनांक 31–01–2024 तक की अवधि के लिए तैनात किया जाता है। यह आउटसोर्सिंग अवधि सम्बन्धित कार्मिक की कार्यकुशलता एवं निपुणता और उपलब्धि के आधार पर शासन से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त बढ़ायी जा सकती है। चयनित अभ्यर्थी की कार्यकुशलता एवं निपुणता संतोषजनक न पाये जाने एवं तैनाती के दौरान अनुशासनहीनता बरतने पर बिना किसी कारण बताये मानदेय आधारित सेवायें निर्धारित तिथि से पूर्व भी समाप्त की जा सकेगी।

2– चयनित अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वें निम्नलिखित अभिलेखों सहित दिनांक 10–04–2023 तक किसी भी कार्य दिवस में शहरी विकास निदेशालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें–

1– पूर्व नियोक्ता द्वारा निर्गत (यदि कोई हों) कार्यमुक्त प्रमाण–पत्र।

2– शासकीय चिकित्सक द्वारा प्रदत्त चिकित्सा प्रमाण–पत्र।

3– उप जिलाधिकारी द्वारा अथवा दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र।

4– रू0 100/– का स्टॉम्प पेपर ।

3– उपरोक्त औपचारितायें पूर्ण होने पर योगदान से पूर्व अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। अनुबन्ध हस्ताक्षर की तिथि को ही आउटसोर्स के पद योगदान की तिथि मानी जायेगी। निर्धारित तिथि तक कार्यालय में उपस्थित न होने पर यह मान लिया जायेगा कि आप उक्त पद पर योगदान के इच्छुक नही है और आपकी मानेदय आधारित तैनाती स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

(नवनीत पाण्डे),
निदेशक।

संख्या एवं दिनांकः–तदैव।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1– सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

2– अपर निदेशक/आहरण वितरण अधिकारी, शहरी विकास निदेशालय।

3– अधीक्षण अभियन्ता, शहरी विकास निदेशालय, देहरादून।

4– वरिष्ठ वित्त अधिकारी/सहायक लेखाधिकारी, शहरी विकास निदेशालय।

5– मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, शहरी विकास निदेशालय, देहरादून।

6– श्री अंकित भण्डारी, आशा कुंज, रतनपुरम, माजरी माफी, मोहकम्पुर, देहरादून।

7– गार्ड फाईल/वैयक्तिक पत्रावली।

31.3.23.

(नवनीत पाण्डे),
निदेशक।